आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक यहां आयोजित 11वें वार्षिक चिकित्सा शिक्षक दिवस पुरस्कार सम्मान में उप राष्ट्रपति ने कहा कि युवा डॉक्टरों के लिए तीन से पांच साल ग्रामीण इलाकों में सेवा देना जरूरी है। उन्होंने रेखांकित किया कि देश की 60 फीसद आबादी गांवों में रहती है। नायडू ने कहा, ‘यह (ग्रामीण इलाकों में सेवा) अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। मैं जानता हूं कि कई लोग इसे पसंद नहीं करेंगे, लेकिन मेरा मानना है कि यह जरूरत है।’ उपराष्ट्रपति ने सरकार द्वारा देश में डॉक्टर–मरीज अनुपात के अंतर को पाटने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का संदर्भ देते हुए जोर दिया कि चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर–मरीजों का अनुपात एक डॉक्टर पर 1456 मरीजों का है जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक एक डॉक्टर पर एक हजार मरीज का है। उन्होंने सरकार की प्रत्येक जिले में कम से कम एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की योजना की प्रशंसा की। साथ ही रेखांकित किया कि शहरी–ग्रामीण डॉक्टरों में भारी अंतर है क्योंकि अधिकतर चिकित्सा पेशेवर शहरी इलाकों में प्रैक्टिस करने का विकल्प चुनते हैं। उप राष्ट्रपति ने पूर्व राष्ट्रपति, राजनेता और दार्शनिक दिवंगत सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने सभी शिक्षकों के प्रति भी सम्मान व्यक्त किया जिन्होंने उनके करियर को दिशा दी।

इससे पहले उन्होंने प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ के श्रीनाथ रेड्डी और डॉ देवी शेट्टी सहित अन्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया।



*उप राष्ट्रपति* **एम वेंकैया नायडू ने रेखांकित किया कि देश की 60 फीसद आबादी गांवों में रहती है**

# तालाब में नहाने गए पांच बच्चों की डूबने से मौत

जयपुर, 5 सितंबर (भाषा)।

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के मंगलवाड़ थाना क्षेत्र में रविवार को तालाब में नहाने के दौरान पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे को हृदयविदाकर एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। गहलोत ने ट्विटर पर कहा, ‘चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़ क्षेत्र में स्थित तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मृत्यु बेहद हृदयविदारक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरी गहरी संवेदनाएं बच्चों के माता–पिता एवं परिजनों के साथ हैं। ईश्वर उन्हें इस अत्यंत कठिन समय में संबल प्रदान करें।’

थानाधिकारी हरेंद्र सौदा ने बताया कि मंगलवाड़ क्षेत्र में रविवार को एक तालाब में आठ से 12 वर्ष की उम्र के छह बच्चे नहाने गए थे। उन्होंने बताया कि नहाने के दौरान अचानक पांव फिसलने से वे गहरे पानी चले गए जिससे पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई जबकि एक बच्चा बाहर आने में सफल हो गया।

उन्होंने बताया कि बच्चों को बचाने के लिए कुछ ग्रामीण तालाब में कूदे और उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन पांच बच्चों को अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

*बच्चों को बचाने* **के लिए कुछ ग्रामीण तालाब में कूदे और उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन पांच बच्चों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया**

# सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ कश्मीर में प्रतिबंधों में ढील

श्रीनगर, 5 सितंबर (भाषा)।

कट्टरपंथी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के निधन के बाद रविवार को चौथे दिन कश्मीर में प्रतिबंधों में ढील दी गई लेकिन सुरक्षा बलों की तैनाती अब भी जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

घाटी में लोगों के आवागमन पर कोई रोक नहीं है लेकिन अलगाववादी नेता के लिए शोक के चौथे दिन के मद्देनजर कई इलाकों में सड़कों पर अवरोधक लगे हुए हैं खासकर हैदरपुरा में गिलानी के आवास तक जाने वाली सड़कों पर। अधिकारियों ने बताया कि कानून–व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए शहर और अन्य इलाकों में सुरक्षा बलों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि घाटी में वाहनों का आवागमन बढ़ा है लेकिन ज्यादातर सार्वजनिक परिवहन सड़क से नदारद रहा। शहर के कुछ इलाकों और घाटी के अन्य हिस्सों में भी कुछ दुकानें खुलीं।

अधिकारियों ने बताया कि स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है। पुलिस ने शनिवार को कहा था कि कानून–व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए कई एहतियाती उपाय किए गए जिसमें शरारती तत्वों की गिरफ्तारी शामिल है।

पुलिस ने यह भी कहा कि कश्मीर मीडिया सर्विस सहित कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जो पाकिस्तान से चल रहे हैं, उपद्रवियों को शांति भंग करने के लिए उकसाने के लिए फर्जी खबरें और वीडियो फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कुछ स्थानीय मीडिया के लोग और चैनल भी फर्जी खबर फैलाते दिखे हैं और पुलिस उनपर नजर रख रही है, साक्ष्य एकत्र कर रही है और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

*अधिकारियों ने* **बताया कि कानून–व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए शहर और अन्य इलाकों में सुरक्षा बलों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है**

# सोशल मीडिया पर खुद को महिला बता दिल्ली के डॉक्टर से ठगे दो करोड़

यवतमाल, 5 सितंबर (भाषा)।

दिल्ली के एक डॉक्टर से महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर खुद को महिला के तौर पेश करते हुए कथित रूप से दो करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पीड़ित (44) ने शनिवार को यवतमाल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद आरोपी कॉलेज छात्र संदेश मानकर को गिरफ्तार कर लिया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर महिला के रूप में फर्जी प्रोफाइल (खाता) बना रखा था।

उन्होंने बताया कि डॉक्टर सोशल मीडिया पर खुद को लड़की के रूप में पेश करने वाले इस व्यक्ति के संपर्क में आ गया और आरोपी ने पीड़ित को बताया, ‘वह एक अमीर परिवार से आती है और दुबई में उसका कारोबार है।’ पिछले महीने आरोपी बहरूपिए ने पीड़ित से कहा कि उसकी बहन का अपहरण हो गया है और अपहरणकर्ताओं ने दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। इसके बाद पीड़ित ने यवतमाल जाकर 12 अगस्त को आरोपी के द्वारा बताए गए व्यक्ति को यह राशि सौंपी। बाद में आरोपी ने फिर पीड़ित को कॉल कर बताया कि ‘उसकी’ बहन को अपहरणकर्ताओं ने छोड़ दिया है। आरोपी ने इसके बाद फिर से पीड़ित को एक बैंक खाते में 7,20,000 रुपए जमा करने के लिए कहा और डॉक्टर के राशि जमा कराने के बाद उसने सभी सोशल मीडिया खातों और मोबाइल फोन को बंद कर लिया।

अधिकारी ने बताया कि ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने शनिवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद यवतमाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.97 करोड़ रुपए की राशि बरामद की। पुलिस यह पता लगा रही है कि आरोपी पहले भी इस तरह के अपराध में शामिल रहा है या नहीं।

# छत्तीसगढ़ में बस नदी में गिरी, 32 लोग घायल

सूरजपुर (छत्तीसगढ़), 5 सितंबर (भाषा)।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के कम से कम 32 कर्मचारी रविवार को उस समय घायल हो गए, जब उनकी बस राज्य के सूरजपुर जिले में एक नदी में गिर गई। पुलिस ने बताया कि एसईसीएल के कुल 43 कर्मी बस में सवार होकर कंपनी के भटगांव मुख्यालय से महान कोल माइंस जा रहे थे। जब बस सुखदेवपुर गांव के पास एक पुल पर पहुंची तो चालक ने स्टीयरिंग से नियंत्रण खो दिया और बस पुल की सीमेंट की रेलिंग को तोड़ते हुए नदी में जा गिरी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस में सवार सभी लोगों को भटगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से 32 लोगों को अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भेजा गया।

# कांग्रेस ने किसान महापंचायत का किया समर्थन

नई दिल्ली, 5 सितंबर (भाषा)।

कांग्रेस ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में ‘किसान महापंचायत’ के समर्थन में आवाज उठाई और पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा, ‘गूंज रही है सत्य की पुकार तुम्हें सुनना होगा, अन्यायी सरकार।’

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि ‘किसानों की हुंकार के सामने किसी भी सत्ता का अहंकार नहीं चलता।’ उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के हजारों किसान रविवार को मुजफ्फरनगर में ‘किसान महापंचायत’ के लिए एकत्रित हुए, जिसका उद्देश्य उनके अनुसार ‘देश को बचाना’ है। इस महापंचायत का आयोजन उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले किया गया। कार्यक्रम संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा मुजफ्फरनगर के सरकारी इंटर कॉलेज मैदान में केंद्र के कृषि कानूनों के विरोध में आयोजित किया गया। राहुल गांधी ने हिंदी में ट्वीट किया, ‘गूंज रही है सत्य की पुकार तुम्हें सुनना होगा, अन्यायी सरकार।’ प्रियंका गांधी ने भी महापंचायत के समर्थन में आवाज उठाते हुए कहा, ‘किसान इस देश की आवाज हैं। किसान देश का गौरव हैं। किसानों की हुंकार के सामने किसी भी सत्ता का अहंकार नहीं चलता। खेती–किसानी को बचाने और अपनी मेहनत का हक मांगने की लड़ाई में पूरा देश किसानों के साथ है।’ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि ‘किसान का खेत–खलिहान चुराने वाले देशद्रोही हैं।’

# कांग्रेस पहले आती है गुटबाजी बाद में : ओमन चांडी

तिरुवनंतपुरम, 5 सितंबर (भाषा)।

केरल कांग्रेस में गुटबाजी की संस्कृति को खत्म करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए नेतृत्व द्वारा कदम उठाए जाने के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता ओमन चांडी ने रविवार को स्पष्ट किया कि यह प्रथा एक वास्तविकता है, लेकिन पार्टी पहले आती है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पार्टी में इस तरह की संस्कृति खत्म हो रही है, उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ‘कांग्रेस को आगे बढ़ना चाहिए। कांग्रेस पहले, गुट उसके बाद आता है।’ चांडी ने अपना रुख ऐसे समय स्पष्ट किया है जब राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने गुटों के नेताओं चांडी और रमेश चेन्नीथला के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए नए नेतृत्व के प्रयास के तहत कोट्टायम में उनके आवास पर उनसे मुलाकात की। चांडी का यह बयान कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा कन्नूर में यह कहे जाने के कुछ दिनों बाद आया है कि कांग्रेस ‘उनका समूह है।’ चांडी का बयान ऐसे में भी महत्वपूर्ण है कि ऐसे कई नेता जो ‘ए’ और ‘आइ’ गुटों का हिस्सा थे, उन्हें छोड़कर नए नेतृत्व के पीछे एकजुट हो गए हैं। ‘ए’ गुट का नेतृत्व चांडी और ‘आइ’ गुट का नेतृत्व चेन्नीथला द्वारा किया जाता है।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद नाबालिग से बलात्कार, युवक गिरफ्तार

देवास (मप्र), 5 सितंबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक नाबालिग लड़की के साथ 19 वर्षीय एक लड़के द्वारा फोटो–वीडियो शेयरिंग साइट इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के कुछ दिनों बाद कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने रविवार को बताया कि इस लड़की की दोस्ती इंस्टाग्राम पर अपने ही इलाके के मुस्तफा मंसूरी से हाल ही में हुई थी।


CyberMedia

**CYBER MEDIA (INDIA) LIMITED**

**CIN:** L92114DL1982PLC014334

**Registered office:** D-74, Panchsheel Enclave, New Delhi-110017. **Tel.:** 011-26491320
**Corporate office:** Cyber House, B-35, Sector-32, Gurugram-122001. **Tel.:** 0124-4822222
**Email:** investorcare@cybermedia.co.in, **Website:** www.cybermedia.co.in

**NOTICE OF ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE DATES AND E-VOTING**

Notice is hereby given that the 39th Annual General Meeting ("AGM") of the Company is scheduled to be held on Thursday, the 30th day of September, 2021 at 09:30 a.m. (IST) through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") in accordance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ('the Act'), Circular(s) issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA") and Securities and Exchange Board of India ('SEBI') to transact the businesses as stated in the AGM Notice dated August 28, 2021.

In view of the continued Covid-19 pandemic, MCA has vide its circular No. 02/2021 dated January 13, 2021 read with circular Nos. 14/2020, 17/2020 and 20/2020 dated April 8, 2020, April 13, 2020 and May 5, 2020, respectively (collectively referred to as "MCA Circulars") and SEBI vide its circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020 and circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021 (collectively referred to as "SEBI Circulars") permitted the holding of the Annual General Meeting ("AGM") through VC / OAVM, without the physical presence of the Members at a common venue. In compliance of MCA Circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 alongwith SEBI Circulars and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations"), the AGM of the Members of the Company is being be held through VC/OAVM

In compliance with the Act, the Rules made thereunder and the above Circulars, copies of the Notice of AGM and Annual Report for the financial year 2020-21 have been sent to all Members of the Company to their email addresses whose email ids are registered with the Company/Depository Participants/Registrar and Transfer Agent (RTA). The electronic dispatch of the Notice and Annual Report has been completed on September 04, 2021. The Annual Report alongwith Notice of AGM is also available on Company's website: www.cybermedia.co.in, website of stock exchanges, BSE Limited ('BSE') and National Stock Exchange of India Limited ('NSE') at www.bseindia.com and www.nseindia.com and the website of Link Intime India Private Limited ('LIIPL'), www.instavote.linkintime.co.in.

**Instructions for remote e-voting**

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, Regulation 44 of the Listing Regulations and Secretarial Standard on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India, the Company is providing to its members, the facility to cast their votes electronically on the businesses as set out in the Notice of AGM, proposed to be transacted at the AGM to be held on September 30, 2021. All the Members are hereby informed that the Ordinary and Special Business as set out in the Notice of 39th AGM shall be transacted through electronic means only. The details of remote e-voting are as under:

1. The remote e-voting shall commence at 9:00 a.m. (IST) on Monday, September 27, 2021 and ends at 5:00 p.m. (IST) on Wednesday, September 29, 2021 at 5:00 p.m. (IST). The remote e-voting module shall be disabled by LIIPL for voting thereafter.
2. The members who have not cast their vote through remote e-voting shall be eligible to cast their vote through e-voting during AGM.
3. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM shall be eligible to attend the AGM, however they shall not be entitled to cast their vote again at the AGM.
4. Member who acquired shares after sending the Annual Report through electronic means and before the cut-off date (i.e. September 23, 2021) may obtain the User ID and Password by sending at email id: insta.vote@linkintime.co.in. However, if the person is already registered with LIIPL for remote e-voting, then the existing user id and password can be used for casting the vote.
5. The detailed procedure for obtaining user id and password and the instructions on the manner in which the e-voting is to be cast, is also provided in the Notice of AGM.
6. Members may contact for any query or inconvenience or grievances, if any, in voting through electronic mode at the help line of LIIPL at 022-49186000 or email at enotices@linkintime.co.in or insta.vote@linkintime.co.in.

Notice is also given that pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and the rules made thereunder, as amended from time to time, and Regulation 42 of the SEBI Listing Regulations, the Register of Members and Share Transfer Books will remain closed from Friday, 24th September, 2021 to Thursday, 30th September, 2021 (both days inclusive) for the purpose of AGM.

A facility to attend the AGM through VC/OAVM is available through the LIIPL e-voting system at https://instameet.linkintime.co.in. Detailed procedure to attend AGM through VC is given in the Notice of 39th AGM.

For **Cyber Media (India) Limited**
**Sd/-**
**Anoop Singh**
**Company Secretary**

**Place: Gurugram**
**Date: September 04, 2021**



**जे. के. कॉटन लिमिटेड**

सी. आई एन : U17111UP1924PLC000275
पंजीकृत कार्यालयः कमला टावर, कानपुर – 208 001, उ.प्र. (इंडिया)
फोन :+91 512 2371478 - 81, फैक्सः+91 512 2332665
ईमेल : harshit@jkcotton.com वेबसाइटः www.jkcotton.com

**98वीं वार्षिक आमसभा की नोटिस व ई–वोटिंग की जानकारी**

एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के साथ पठित उसके अंतर्गत बने नियमों व कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी दिनांक 8 अप्रैल, 2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020, दिनांक 5 मई, 2020 और दिनांक 13 जनवरी, 2021 के परिपत्र ('परिपत्रों') के अनुपालन में कंपनी की 98वीं वार्षिक आम सभा (AGM) एक स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिग ('VC') / अन्य ऑडीओ विजुअल मीन्स ('OAVM') के माध्यम से दिनांक 28 सितंबर, 2021 दिन मंगलवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे आयोजित की जायेगी जिसम AGM के नोटिस में बताये जाने वाले कारोबार को पारित किया जायेगा।

उपरोक्त MCA के परिपत्रों के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2020–21 की वार्षिक रिपोर्ट जिसमे नोटिस डायरेक्टर रिपोर्ट परिशिष्टियों सहित, वार्षिक वित्तीय विवरण व स्वतंत्र ऑडिटर्स रिपोर्ट शामिल है के साथ AGM के नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक कॉपी कंपनी के उन सदस्यों कोई–मेल द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर पहले ही भेजी गयी है, जिनके ई–मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('DP') या कंपनी / Jaykay Enterprises Ltd. (RTA) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त सभी दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.jkcotton.com और सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है । कंपनी अपने उन सदस्यों को जो कि दिनांक 21 सितंबर, 2021 दिन मंगलवार (कटऑफ डेट) को फिजिकल या डीमैट फार्म में शेयर धारक है कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 के अंतर्गत रिमोट ई–वोटिंग सुविधा, VC/OAVM के माध्यम से AGM मेंउपस्थित होने और भाग लेने की सुविधा और AGM के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करेगी। कोई भी व्यक्ति जो कटऑफ डेट परसदस्य नहीं है उस तदनुसार AGM की सूचना को केवल सूचना के उद्देश्यों के लियें मानना चाहिए। सदस्यों के मतदान का अधिकार कटऑफ डेट को कंपनी की प्रदत्त ईक्विटी शेयरपूँजी में उनके शेयर के अनुपात में होगा। कंपनी ने सदस्यों को ये सुविधायें प्रदान करने के लिए CDSL की सेवायें ली हैं।

रिमोट ई–वोटिंग शुक्रवार 25 सितंबर, 2021 को प्रातः 9.00 बजे से प्रारम्भ होकर सोमवार 27 सितंबर, 2021 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी, रिमोट ई–वोटिंग दी गई तारीख व समय के बाद उपलब्ध नहीं होगी। कंपनी ने मेसर्स बंथिया एंड कंपनी (प्रोप्राइटर श्रीजी. के. बंथिया), प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी की नियुक्ति निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई–वोटिंग प्रक्रिया / AGM के दौरान ई–वोटिंग की जांच करने के लिये स्क्रूटिनाइजर के रूप में की है।

पहली बार ई–वोटिंग उपयोगकर्ता (व्यक्तिगत शेयरधारक के अलावा) के लिए यूनिक नंबर सहित ई–वोटिंग निर्देश और AGM में शामिल होने के निर्देश AGM के नोटिस में प्रदान किये गये हैं। VC/OAVM के माध्यम से AGM में शामिल होने वाले सदस्यों की उपस्थिति की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से की जायेगी। AGM के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल और प्रक्रिया पहले ही पंजीकृत ई–मेल पते पर भेजी जा चुकी है। कृपया ध्यान दें कि AGM मे VC/OAVM के माध्यम से भाग लेने के लिये और AGM के दौरान प्रस्तावों पर ई–वोटिंग के लिये एक ही लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होतीहै।

जिन सदस्यों के ई–मेल पते DP या कंपनी / RTA के साथ पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिये वे नीचे दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये अपने ई–मेल पते पंजीकृत करायें :

1–फिजिकल शेयरधारकों के लिये : कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट (आगे और पीछे) की स्कैनकॉपी, पैन (पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी), आधार (आधारकार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी) जैसे आवश्यक विवरण कंपनी / RTA को क्रमशः investorservices@jaykayenterprises.com अथवा harshit@jkcotton.com पर ईमेल द्वारा प्रदान करें।

2–डीमैट शेयरधारकों के लिएः कृपया अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ अपडेट करें ई–वोटिंग और VC/OAVM के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के दौरान यह अनिवार्य है।

AGM दौरान ई–वोटिंग करने की सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जायेगी जिन्होंने अपना मत रिमोट ई–वोटिंग द्वारा पहले नहीं डाला हो और वह AGM में उपस्थित है, ऐसे सदस्य जिन्होंने AGM से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना मत डाल दिया हो, AGM में उपस्थित रह सकते हैं परन्तु AGM में पुनः मतदान करने के हकदार नहीं होंगे। इलेक्ट्रानिक माध्यम द्वारा वोटिंग सम्बंधित जानकारी / असुविधा के लिये सदस्य व बेनेफिशियल ओनर 'सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न ("FAQ") व ई–वोटिंग मैन्युअल www.evotingindia.com के हैल्प सेक्शन में देख सकते है या helpdesk .evoting@cdslindia.com को ई–मेल कर सकते है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
हस्ता / –
हर्षित गुनानी
कंपनी सचिव

दिनांकः सितंबर 04, 2021
स्थानः कानपुर



**जे.के. इन्टरप्राइजेज लिमिटेड** JKE™

सीआईएन : L99999UP1961PLC001187
पंजीकृत कार्यालय : कमला टावर, कानपुर–208001, उ.प्र. (इण्डिया) फोन : +91 512 2371478–81,
फैक्स : +91 512 2332665 ई–मेल : prabhat.mishra@jaykayenterprises.com वेबसाइट : www.jaykayenterprises.com

**75वीं वार्षिक आम सभा की सूचना व ई–वोटिंग की जानकारी**

एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियमए 2013 के साथ पठित उसके अंतर्गत बने नियमों व कारपोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी परिपत्रों दिनांक 8 अप्रैल, 2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020 दिनांक 5 मई, 2020 और दिनांक 13 जनवरी, 2021 के परिपत्र एवं सेबी के परिपत्र दिनांक मई 12, 2020 एवं 15 जनवरी 2021 ('परिपत्रों') के अनुपालन में कंपनी की 75वीं वार्षिक आम सभा ('AGM') एक स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कान्फ्रेन्सिंग ('VC') / अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ('OAVM') के माध्यम से दिनांक 28 सितम्बर, 2021 दिन मंगलवार को अपरान्ह 12.00 बजे आयोजित की जायेगी जिसमें AGM के नोटिस में बताये जाने वाले व्यवसायों को पारित किया जाएगा।

उपरोक्त MCA एवं सेबी के परिपत्रों के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2020–21 की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें नोटिस डायरेक्टर रिपोर्ट परिशिष्टियों सहित वित्तीय विवरण व स्वतंत्र ऑडिटर्स रिपोर्ट शामिल है के साथ AGM के नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक कॉपी कंपनी के उन सदस्यों को ई–मेल द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर पहले ही भेजी गयी है, जिनके ई–मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('DP') या कंपनी पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त सभी दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.jaykayenterprises.com और सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की बेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

कंपनी अपने उन सदस्यों को जो कि दिनांक 21 सितम्बर, 2021 दिन मंगलवार (कट ऑफ डेट) को फिजिकल या डीमैट फार्म में शेयर धारक है कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 एवं सेबी लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स रेगुलेशन 2014 लिस्टिंग रेगुलेशन्स के रेगुलेशन 44 के अंतर्गत रिमोट ई–वोटिंग सुविधाए VC/OAVM के माध्यम से AGM में उपस्थित होने और भाग लेने की सुविधा और AGM के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करेगी। कोई भी व्यक्ति जो कट ऑफ डेट पर सदस्य नहीं है उसे तदनुसार AGM की सूचना को केवल सूचना के उद्देश्यों के लिये मानना चाहिए। सदस्यों के मतदान का अधिकार कट ऑफ डेट को कंपनी की प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूँजी में उनके शेयर के अनुपात में होगा। कंपनी ने सदस्यों को ये सुविधाएं प्रदान करने के लिए CDSL की सेवाएं ली हैं।

रिमोट ई–वोटिंग शनिवार 25 सितम्बर 2021 को प्रातः 9:00 बजे से प्रारम्भ होकर सोमवार 27 सितम्बर 2021 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी, रिमोट ई–वोटिंग दी गई तारीख व समय के बाद उपलब्ध नहीं होगी। कंपनी ने श्रीमती रीना जखोदिया, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी (C.P. No. 6083) की नियुक्ति निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई–वोटिंग प्रक्रिया / AGM के दौरान ई–वोटिंग की जांच करने के लिए स्क्रूटिनाइज़र के रूप में की है।

पहली बार ई–वोटिंग उपयोगकर्ता (व्यक्तिगत शेयरधारक के अलावा) के लिए यूनिक नंबर सहित ई–वोटिंग निर्देश और AGM में शामिल होने के निर्देश AGM के नोटिस में प्रदान किए गए हैं। VC/OAVM के माध्यम से AGM में शामिल होने वाले सदस्यों की उपस्थिति की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि AGM मे VC/OAVM के माध्यम से भाग लेने के लिए और AGM के दौरान प्रस्तावों पर ई–वोटिंग के लिए एक ही लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होती है।

जिन सदस्यों के ई–मेल पते DP या कंपनी / RTA के साथ पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए वे नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने ई–मेल पते पंजीकृत कराएँ:

1. **फिजिकल शेयरधारकों के लिए:** कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट (आगे और पीछे) की स्कैन कॉपी, पैन (पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी) जैसे आवश्यक विवरण कंपनी को prabhat.mishra@jaykayenterprises.com अथवा investorservices@jkcement.com पर ईमेल द्वारा प्रदान करें।
2. **डीमैट शेयरधारकों के लिए** : डीमैट शेयरधारकों के लिएः कृपया अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ अपडेट करें ई–वोटिंग और VC/OAVM के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के दौरान यह अनिवार्य है।

AGM के दौरान ई–वोटिंगकरने की सुविधा उन सदस्योंकोउपलब्ध कराई जायेगी जिन्होंने अपना मत रिमोट ई–वोटिंग द्वारा पहले नहीं डाला हो और वह AGM में उपस्थित है, ऐसे सदस्य जिन्होंने AGM से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना मत डाल दिया हो, AGM में उपस्थित रह सकते हैं परन्तु AGM में पुनः मतदान करने के हकदार नहीं होंगे। इलेक्ट्रानिक माध्यम द्वारा वोटिंग सम्बंधित जानकारी / असुविधा के लिये सदस्य व बेनेफिशियल ओनर 'सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न ("FAQ") व ई–वोटिंग मैन्युअल www.evotingindia.com के हैल्प सेक्शन में देख सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल कर सकते है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
हस्ता0 / –
(प्रभात कुमार मिश्रा)
सी.एफ.ओ. एवं कंपनी सचिव
मेम्बरशिप न0 एसीएस–29900

स्थानः कानपुर
दिनांकः 04 सितम्बर 2021